# मुख्यमंत्री ने 'गंगा के प्रहरी' और 'स्वच्छता ही सेवा' का किया विमोचन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री बुधवार को मुख्यमंत्री आवास कैम्प कार्यालय में युवा साहित्यकार ललित शौर्य की पुस्तकों ह्लगंगा के प्रहरीह्ल और ह्लस्वच्छता ही सेवाह्ल का विमोचन किया।
इस मौके पर मुख्यमंत्री सिंह धामी ने पुस्तकों को नदी संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता के लिए लाभदायी बताया। उन्होंने गंगा के प्रहरी पुस्तक में कहानियों के माध्यम से नदियों के बारे में जानकारी के साथ नदियों की स्वच्छता के बारे में बताया गया है। ह्लस्वच्छता ही सेवाह्ल पुस्तक में स्वच्छता से सम्बंधित कहानियां स्वच्छता के साथ स्वच्छ भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में मददगार होगी।



इस मौके पर विपिन, डा. अनिल शर्मा, रजनीश कौंसवाल आदि उपस्थित रहे।

## धामी कैबिनेट ने कई प्रस्तावों पर लगाई मुहर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मंत्रिमंडल की बुधवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के बाद उन पर मुहर लगाई गई। मुख्यमंत्री धामी कैबिनेट की बैठक के बारे में मुख्य सचिव ने बताया कि वर्तमान कैबिनेट में 13 प्रस्ताव लाए गए थे। इन प्रस्तावों में राज्य निर्वाचन आयोग की नियमावली में संशोधन, उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना और जिला पर्यटन कार्यालयों में 37 पद सृजित किए जाना प्रमुख है।

# रोडवेज बस खाई में गिरी, दो की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
निर्जला एकादशी के दिन सुबह-सवेरे हरिद्वार में एक बड़ा हादसा हो गया। रूपहडिया से हरिद्वार आ रही ऋषिकेश डिपो की एक बस खाई में जा गिरी, जिसमें दो की मौत हो गई और बारह से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में चार की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया है। बस में 42 यात्री सवार थे। जानकारी के मुताबिक ऋषिकेश डिपो की बस यूके 07 पीए 2570 बुधवार सुबह रूपहडिया से चलकर हरिद्वार आ रही थी। बस जैसे ही श्यामपुर थाना क्षेत्र के चंडी घाट पुल के पास पहुंची तो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। बस में 42 यात्री सवार थे। इस हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। बारह से अधिक यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल



मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकाला। हरिद्वार सीएफओ अभिनव त्यागी ने बताया कि चंडी चौकी हरिद्वार के नजदीक रोडवेज की बस खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि एक बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भर्ती कराया गया है। मृतकों के नाम 10 माह का संदीप पुत्र विष्णु और बस कंडक्टर विश्वास बताए गए हैं। जबकि 42 वर्षीय दयाराम पुत्र शिवप्रसाद, 50 वर्षीय जंग बहादुर पुत्र बल बहादुर, 25 वर्षीय अर्जुन पुत्र सुखलाल और एक अन्य की हालत को गंभीर देखते हुए ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर किया है। बस में 42 यात्री सवार थे।

# स्वास्थ्य मंत्री ने डा. चौधरी को किया सम्मानित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के सभागार में इंडियन रेडक्रॉस सचिव ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के रचना शरीर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) नरेश चौधरी को उत्तराखंड प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने मूल दायित्व के अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राजकीय जागरूकता अभियानों में उत्कृष्ट सहयोग करने के लिए सम्मानित किया।
डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि डॉ. नरेश चौधरी को जो चुनौती पूर्ण दायित्व दिए जाते हैं, उन सभी को वे कर्मठता एवं समर्पित भावना से पूर्ण करते हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि डॉ. नरेश को समय-समय पर जो सार्वजनिक



सम्मान मिलता है, उससे डॉ. नरेश में और अधिक उत्कृष्ट कार्य करने की उर्जा संचार होती हैं। रानीपुर विधानसभा विधायक आदेश चौहान ने भी डॉ. नरेश चौधरी के किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में डॉ. नरेश ने अपने राजकीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट समर्पित कार्यों से एक विशेष उल्लेखनीय पहचान बनाई है। डॉ. नरेश कठिन से कठिन कार्यों को सभी सामाजिक स्वयंसेवी संस्थाओं और सभी सरकारी विभागों में समन्वय स्थापित कर बहुत सजगता और सरलता से पूर्ण करते हैं। इसके लिए डॉ.

## भारी बारिश से यमुनोत्री राजमार्ग हुआ बंद, वज्रपात से 12 बकरियों की मौत

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
जिले में हो रही भारी बारिश से मलबा गिरने से जहां मार्ग अवरुद्ध हैं वहीं फसलों का नुकसान होने और पशुओं की मौत खबरें आ रही हैं। चिन्यालीसौड़ में वज्रपात के कारण लगभग 12 बकरियां की मौके पर ही मौत हो गई है।
मंगलवार को झमाझम बारिश से यमुनोत्री राजमार्ग पर भूस्खलन होने से ट्रैफिक रोका गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि यमुनोत्री हाइवे पर डाबर कोर्ट में लगातार पत्थर गिर रहे हैं, जिसके वहां पर ट्रैफिक रोक दिया गया।

# बेमौसमी बारिश ने बढ़ाई मुश्किलें, चारधाम यात्रा पर भी असर

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
बेमौसमी बारिश ने काश्तकारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इससे गेहूं की खड़ी फसलों को भारी नुकसान तो हो ही रहा है। चारधाम यात्रा पर इसका असर पड़ रहा है। मई का पूरा महीना आज समाप्त हो रहा, लेकिन इस बार मई महीने की तफ्तीश कहीं भी देखने को नहीं मिली। आलम यह है कि सर्दी से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़े पहनने को मजबूर होना पड़ रहा है।
लगातार हो रही बारिश और ओलावृष्टि से काश्तकारों की खड़ी फसलें तबाह हो रही हैं। इसका सर्वाधिक असर जहां गेहूं की फसल पर पड़ा है वहीं गंगोत्री यमुनोत्री धाम में ठिठुरन बढ़ गई



है, जिससे चारधाम यात्रा में कम श्रद्धालुओं की संख्या कम हो गई है। मंगलवार को भी सुबह से ही यमुनोत्री-गंगोत्री तीर्थ धाम सहित समूचे जिले भर में मूसलाधार बारिश से पूरा जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है।उधर भारी बारिश के चलते मोरी के सांकरी जखोल मोटर मार्ग पर भारी मलबा आ गया है, जिससे सड़क बाधित हो गई। गंगोत्री तीर्थ धाम के पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि बारिश के बीच चारधाम यात्रा तो जारी है, लेकिन इससे यात्रा पर फर्क पड़ा है।गंगा पुरोहित सभा के द्वारा ठंड से ठिठुर रहे यात्रियों के लिए चाय और झंगोरे की खीर का प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### आसफ नगर झाल से बरामद हुआ लापता युवक का शव

**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
मंगलौर कोतवाली क्षेत्र में गंगनहर से एक युवक का शव बरामद हुआ है। आज सुबह जब कुछ लोगों ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पहुंच कर शव को बाहर निकाला और उसे पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया। युवक की पहचान हो गई है। बताया गया कि बीती 27 मई की देर शाम बेलड़ा गांव निवासी बॉबी अपने दोस्तों के साथ गंगनहर के किनारे मस्ती करने के लिए गया था, तभी वह भी अपने दोस्तों को कुछ देर में वापस आने के लिए कह कर निकला था। इसके बाद वह भी वापस नहीं पहुंचा। इसके बाद बॉबी की बहुत तलाश की गई, लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल पाया। आज सुबह बॉबी का शव गंगनहर की आसफ नगर झाल से बरामद हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है

### स्कॉर्पियो की चपेट में आकर दो गाए हुई घायल हिन्दू संगठनों में रोष

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश एम्स मार्ग पर तेज गति से आ रही स्कार्पियो की टक्कर से दो गायों के गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे हिन्दू संगठनों में तीव्र रोष उत्पन्न हो गया है। इसके विरोध में हिन्दू संगठनों ने एम्स में पुलिस चौकी का घेराव किया।



बुधवार कि सुबह एम्स चौकी प्रभारी मनवर सिंह नेगी ने बताया कि एम्स के बाहर तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो की चपेट में आकर दो गाए घायल हो गईं, जिसकी सूचना पर हिन्दू संगठनों से जुड़े लोग काफी संख्या में एकत्रित हो गए। उन्होंने स्कार्पियो चालक को घेर कर पुलिस के हवाले किया। हिन्दू संगठन से जुड़े लोगों की मांग थी कि वह तत्काल दुर्घटना करने वाले स्कार्पियो चालक की गिरफ्तारी कर उसके विरुद्ध कार्रवाई करें। उनका का कहना था कि स्कार्पियो चालक शराब के नशे में था। पुलिस का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है और वह जांच कर रहे हैं।

# नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर दिखा विषधर 'हिमालयन किंग कोबरा'

**8 मनुष्य से दोगुनी लंबाई के विषधर को देखकर भय के साथ रोमांचित हुए लोग**

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल को दुनिया के सबसे लंबे, 18 फिट तक लंबे मिलने वाले किंग कोबरा को अब प्राकृतिक वास स्थल के रूप में माना जाने लगा है। इधर बुधवार को जनपद मुख्यालय से करीब 4 किमी दूर हल्द्वानी रोड पर समुद्र तक से करीब 5000 हजार फीट की ऊंचाई पर महात्मा गांधी के नाम से गांधी ग्राम के रूप में



प्रसिद्ध ताकुला में दुनिया का सबसे लंबा माने जाने वाले विषधर ह्यहिमालयन किंग कोबराह्ण देखा गया।
राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सैलानियों के आवागमन के बीच जिसने भी इसे देखा भय मिश्रित रोमांच के साथ इसे देखता ही रह गया।
ताकुला गांव निवासी बसंत मेहरा इसके फोटो और वीडियो लेने में सफल रहे। क्षेत्र में इतने बड़े सांप के दिखने के बाद दहशत का माहौल भी बना हुआ है।
बसंत ने बताया कि वह आज सुबह करीब साढ़े दस बजे ताकुला से नैनीताल को पैदल आ रहे थे। इस बीच पुरानी चुंगी के पास वर्ष 1900 के आसपास बनी तीन पुलिया के पास उन्हें यह बड़ा सांप दिखाई दिया। उन्होंने अपने मोबाइल कैमरे में इस सांप के वीडियो को कैद किया। नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य जीव चिकित्सक रहे व वर्तमान में मुख्य पिथौरागढ़ के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश भारद्वाज ने इस वीडियो के आधार पर सांप के हिमालयन किंग कोबरा होने की पुष्टि की है।
उन्होंने कहा कि इसकी सामान्य लंबाई 10 से 18 फीट तक लंबी हो सकती है। सामान्य यह समय सांपों के प्रजनन काल का होता है। उन्होंने संभावना जताई कि यह मादा किंग कोबरा हो सकती है जो बच्चे पैदा करने के लिए घौंसला आदि बनाने की तैयारी कर रही हो। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में क्षेत्र में ज्योलीकोट, बेलुवाखान के साथ ही मुक्तेश्वर में भी किंग कोबरा के दिखाई देने के साथ अंडे देने की घटनाएं भी कैमरे में कैद हो चुकी हैं।

**भगवान शिव के गले का हार है नागराज वासुकी हिमालयन किंग कोबरा**

ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव के गले की शोभा बढ़ाने वाला वासुकी नाग ह्यहिमालयन किंग कोबराह्ण ही है। पूर्व वन क्षेत्राधिकारी रहे आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की गले की शोभा बढ़ाने वाले वासुकी नाग यानी किंग कोबरा के दर्शन बेहद शुभ होते हैं। यह विशेष परिस्थितियों को छोड़कर सामान्यतः इंसानों पर हमला नहीं करता है।

## एम्स के छात्र ने की पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
एम्स के एमपीएच (मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ) के एक छात्र ने अपने कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडे ने बताया कि रोहिणी दिल्ली निवासी आदित्य उनियाल जो कि ऋषिकेश एम्स में एमपीएच का छात्र है। वह आवास विकास कॉलोनी में रणसिंह चौधरी के मकान में तीसरी मंजिल पर किराए के मकान में रहता था।

# निर्जला एकादशी पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
निर्जला एकादशी पर आसमान में छाये घने बादलों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने देवभूमि ऋषिकेश के विभिन्न घाटों पर गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर दान पुण्य का किया। यह सिलसिला दिनभर अनवरत चलता रहा।
बुधवार को निर्जला एकादशी पर्व पर तड़के चार बजे से ही श्रद्धालुओं के गंगा घाटों पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। पूरे दिन त्रिवेणी पर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने तड़के से ही गंगा में आस्था की



डुबकी लगानी शुरू कर दी थी। इसके साथ ही सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की गई। श्रद्धालुओं ने मान्यता के अनुसार सुराही, ककड़ी, खीरा व पंखा आदि भी दान किया। इस दिन दान-पुण्य का विशेष महत्व होने के कारण गरीबों को फल, सुराही, ठंडी वस्तुएं, खीरा-ककड़ी, खरबूजा, हाथ का पंखा, गायों को चारा सहित अन्य दान किया।
ज्योतिषाचार्य राजेंद्र नौटियाल के अनुसार ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी तिथि सबसे श्रेष्ठ मानी गई है। अगर कोई 24 एकादशी का व्रत नहीं करता और सिर्फ निर्जला एकादशी करता है तो उसे उन 24 एकादशियों का फल प्राप्त होगा। शास्त्रों में निर्जला एकादशी व्रत को बहुत कठिन माना गया है। इस मौके पर स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और भक्तों ने जगह जगह छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर पुण्य कमाया।

# जी-20 :विदेशी मेहमानों को दिखेगी एकता में अनेकता की झलक



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
जून माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर ऋषिकेश में जी-20 की बैठक के दौरान ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर आयोजित होने वाली आरती के दौरान विदेशी मेहमानों को श्रेष्ठ भारत एक भारत के साथ एकता में अनेकता की झलक दिखाई देगी। इसके चलते सभी विभागों के अधिकारियों ने 15 दिनों के अंदर सौंदर्यीकरण के साथ विकास संबंधी कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है।
बुधवार को नगर निगम के सभागार में निगम महापौर अनीता ममगांई की अध्यक्षता में तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ नगर की व्यापारिक, सामाजिक, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक में सभी ने अपने सुझाव देते हुए आरती को भव्य बनाए जाने पर विचार विमर्श किया गया। इसमें उप जिलाधिकारी सौरव असवाल ने बताया कि आरती में 20 देशों के लगभग 170 प्रतिनिधि भाग लेंगे।
जिन्हें त्रिवेणी घाट तक ले जाएं जाने के लिए नटराज चौक से त्रिवेणी घाट और गोरा देवी चौक से त्रिवेणी घाट के अतिरिक्त केवल आनंद चौक से त्रिवेणी घाट तक के मार्गों का उपयोग किया जाएगा, जहां रास्तों में लगी दुकानों पर लगे साइन बोर्ड को एकरूपता बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया।
बैठक में रमेश सिंह रावत सहायक नगर आयुक्त, गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल शर्मा, राजेंद्र पांडे, एसएस भंडारी, कपिल गुप्ता दीपक धमीजा, नगर निगम पार्षद अनिता रैणा, अवर अभियंता विद्युत विभाग शक्ति सिंह, बृजेश शर्मा नगर निगम पार्षद विजय बडोनी, विपिन पंत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# एचआरडीए अधिशासी अभियंता ने विधायक से मांगी लिखित में माफी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस विधायक अनुपमा रावत से अभद्रता करना हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण (एचआरडीए) के अधिशासी अभियंता को भारी पड़ गया। एचआरडीए कार्यालय में करीब 2 घंटे चले हंगामे के बाद प्राधिकरण सचिव उत्तम सिंह चौहान के आदेश पर अधिशासी अभियंता को विधायक अनुपमा से लिखित में माफी मांगनी पड़ी, जिसके बाद मामला शांत हुआ। हरिद्वार ग्रामीण सीट से विधायक अनुपमा रावत अपनी विधानसभा के विकास कार्यों का ब्योरा जानने बुधवार को एचआरडीए कार्यालय पहुंचीं और अधिशासी अभियंता माधवानंद जोशी से मुलाकात कर



अपनी हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के विकास कार्यों का ब्योरा मांगा। अनुपमा रावत का कहना है कि ये बात अधिशासी अभियंता माधवानंद जोशी को नागवार गुजरी और उन्होंने विधायक के साथ अभद्रता करते हुए खरी खोटी सुनाई।
इसके बाद अधिशासी अभियंता कार्यालय से जाकर अस्पताल में भर्ती हो गए जबकि अनुपमा रावत उनके वापस लौटने का इंतजार करती रहीं। इस पर विधायक अनुपमा ने एसआरडीए सचिव को फोन कर मामले की जानकारी दी। सचिव के कार्यालय आने पर जानकारी मिली कि अधिशासी अभियंता माधवानंद जोशी अस्पताल में एडमिट हो गए हैं।
हालांकि सचिव के बुलाने पर अभियंता ऑफिस आए और विधायक अनुपमा से बर्ताव के लिए लिखित में माफी मांगी, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## बच्चा चोरी मामले में दंपति गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नगर कोतवाली पुलिस ने बच्चा चोरी प्रकरण में दंपति को गिरफ्तार बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। एसएसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है। बच्चा नहीं होने के चलते दंपति ने मासूम को चोरी किया था।
एसएसपी अजय सिंह ने पत्रकारों को बताया कि घर से निकली पत्नी की खोज में डेढ़ वर्षीय बच्चे के साथ हरिद्वार आए रोहतास पुत्र गजे सिंह निवासी ग्राम चौरा थाना ननौता जिला सहारनपुर यूपी को हरिद्वार में एक दंपति ने अपने विश्वास में लेकर पूरी मदद का आश्वासन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### बरसाना में श्री राधा रानी के दर्शनों को उमड़े हजारों श्रद्धालु

**मुथरा।** निर्जला एकादशी पर देश विदेश से हजारों श्रद्धालु श्रीराधारानी की परिक्रमा कर श्रीजी महल में श्रीराधारानी के दर्शन कर पुण्य अर्जित कर रहे। शास्त्रों में निर्जला एकादशी का बड़ा महत्व बताया है। 24 एकादशियों में निर्जला एकादशी को बडी एकादशी व भीम एकादशी भी कहा जाता है। ज्येष्ठ मास की शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी मई व जून के महीने में ही पडती है। गंगा दशहरा के बाद। वैसे तो प्रतिमहि ने दोनों एकादशी पर बरसाना में भक्तों की हजारों की संख्या में भीड़ देखने को मिलेगी। लेकिन निर्जला एकादशी (भीम एकादशी) पर बरसाना परिक्रमा का महत्व और बढ जाता है । देश विदेश से हजारों श्रृद्धालु अपने आपको श्रीराधारानी के दर्शन कर धन्य मानते हैं। वही बरसाना के स्थानीय निवासी बहार से आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए परिक्रमा मार्ग में सैंकडो जगह जगह ठण्डाई, मीठा पानी, ठण्डा पानी की प्याऊ लगाकर सेवा कर रहे हैं।

### फाइनेंस कंपनी के बाउंसरों ने बाजार में फैलाई अफरा तफरी

**मथुरा।** कस्बा मांट में एक फाइनेंस कंपनी के बाउंसरों ने किश्त बाकी होने पर एक ट्रक को रोकने के लिए अफरा तफरी का माहौल पैदा कर दिया।जिससे कस्बा के लोगों में आक्रोश है। असल में एक फाइनेन्स कम्पनी ने वाहनों से फाइनेंस की किस्तों को वसूलने के लिए तमाम युवा बेरोजगार बाउंसर के रूप में रखे हुए हैं,जिनके पास उन गाड़ियों के नम्बर होते हैं,जिन पर फाइनेंस की किश्त बकाया हैं। ये बाउंसर हर वक्त ऐसे वाहनों की तलाश में रहते हैं,ऐसा कोई वाहन दिखते ही यह लोग वाहन चालक पर टूट पड़ते हैं, उससे मारपीट करते हैं,और किश्त के पैसे न लेकर अपना खर्चा ले लेते हैं। ऐसा ही मामला मंगलवार की दोपहर को हुआ। एक बकायेदार ट्रक को देखते ही इन बाउंसरों की आंखों में चमक आ गई, एक दर्जन के करीब बाउंसरों ने ट्रक को रोकने का प्रयास किया वो नहीं रुका तो एक बाउंसर चलते ट्रक में चालक की खिड़की खोल कर घुस गया,पर चालक ने उसे धक्का दे दिया,इसके साथ ही कुछ बाउंसर पैदल दौड़े तो कुछ ने बाइक आगे पीछे लगा दीं। कस्बा के मुख्य बाजार में उस वक्त अच्छी खासी भीड़भाड़ थी,पर ट्रक चालक ने ट्रक को बहुत तेज गति से दौड़ा दिया,जिससे अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया,बाउंसर शोर मचा रहे थे कि ट्रक टक्कर कर भाग रहा है,जबकि पुलिस ने ट्रक द्वारा कोई हादसा होने से इनकार किया। वहीं थाना पुलिस का कहना है कि ऐसा कोई मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### चोरी की स्कूटी के साथ युवक को पकड़ा

**मथुरा।** थाना बरसाना पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के एक सदस्य को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके पास से एक चोरी की स्कूटी, एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुए। चौकी प्रभारी हाथिया अरविन्द पुनिया के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि तीन वाहन चोर चोरी की स्कूटी से कमई गांव से बरसाना की तरफ से आने वाले है। पुलिस टीम को स्कूटी पर आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम को देख कर ये लोग स्कूटी को मोड़कर वापस कमई की ओर भागने लगे हडबडाहट में स्कूटी से गिर पडे। पुलिस ने अभियुक्त रामहंस पुत्र योगेन्द्र उर्फ जोगेन्द्र निवासी ग्राम ततारपुर थाना बरसाना को पकड लिया, उसने बताया कि स्कूटी रात को हाईवे से चोरी की थी। जिसमें कामा की तरफ बेचने जा रहे थे।

### जुल्हेंदी के सोनू के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई

**मथुरा।** पुलिस ने जुर्म जरायम की दुनिया से तालुकात रखने वाले जुल्हेंदी के सोनू शर्मा के खिलाफ जिला बदर की कठोर कार्रवाई की गई है। आरोपी न्यायालय में सुनवाई और हाजिरी की तारीख के अलावा जिले में प्रवेश नहीं कर सकेगा। इस दरमियान वह जिले ने प्रवेश करता है तो उसे जेल जाना पड़ेगा। चूंकि इस कार्रवाई में छह माह तक जिले से बाहर रहने का नियम बताया गया है। विदित रहे है कि राधा कुंड के समीपवर्ती जुल्हेंदी का रहने वाला सोनू शर्मा नशे का आदि है। वह वर्तमान में राधा कुंड के नगला सांखी में एक कॉलोनी में रहते हुए आस पास के लोगों से मारपीट करता रहा है। कॉलोनी के लोग उससे भयभीत थे। पुलिस ने लोगों की शिकायत पर उसके खिलाफ कई केस भी दर्ज किए। लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। पुलिस ने उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई सुनिश्चित की है। पुलिस आरोपी को जिले की सीमा से बाहर छोड़ कर आएगी। उसके बाद वह केवल न्यायालय में सुनवाई पर ही जिले में आ सकेगा। इसके अतिरिक्त वह किसी भी काम से जिले की सीमा दिखा तो पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज उसे जेल भेजेगी, ऐसा जिला बदर में प्रावधान है। राधाकुंड चैकी प्रभारी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि सोनू शर्मा के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई है। वह छह माह तक जिले से बाहर रहने के लिए हिदायत दी गई है।

# राजीव जैन ने भंडारा, राहगीरों को मीठा जल वितरित किया

**▶▶ जैन ने सभी के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**निर्जला** एकादशी के पर्व पर आयोजित मीठे पानी की छबील एवं भंडारों के एक दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में पहुंचकर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने बधाई देते हुए कहा कि इस दिन बिना जल के उपवास रखने से सभी एकादशियों का फल प्राप्त होने के साथ-साथ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति भी होती है। वेस्ट राम नगर, सेक्टर 14 मार्केट, विवेकानंद चौक, कच्चे क्वार्टर, ओल्ड डीसी रोड, देवरू रोड पर पहुंचकर राजीव जैन ने भंडारा वितरित किया और राहगीरों को मीठा जल वितरित किया। राजीव जैन ने सभी के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना करते हुए कहा कि यह पर्व हमारी प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है और इनके मनाने से युवाओं मैं संस्कार रोपित होते हैं।
मुरथल गांव में गुरु सरोज माता आश्रम में गौशाला के वार्षिक उत्सव में पहुंचकर गौ माता की आरती की और सरोज माता के साथ महामाई की ज्योत प्रचंड की। उन्होंने कहा कि गुरु सरोज माता की प्रेरणा से भक्तजन समाज की भलाई के अनेक कार्य चला रहे हैं और समाज के वंचित वर्ग की हर तरह से सेवा करते हैं जिसके लिए सभी भक्तजन बधाई के पात्र हैं।

## किसानों को बता रहे कृषि क्षेत्र में ड्रोन की महत्ता

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
खेती किसानी के तौर तरीके बदल रहे हैं। लोग छुट्टा जानवरों से फसल को बचाने के लिए अब मेहरा बना कर रखवाली नहीं कर रहे बल्कि झटका मशीन लगा कर तारबंदी कर रहे हैं। इसी तरह से कृषि में ड्रोन जैसे आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। गांव गांव जाकर किसानों को समझाया जा रहा है कि आधुनिक तकनीक किस तरह से खेती किसानी का तस्वीर बदल सकती है। उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा के कृषि विज्ञान केंद्र मथुरा द्वारा मेरी लाइफ के अंतर्गत बुधवार को गांव झन्डीपुर फरह में अवेयरनेस एंड डेमोंसट्रेशन ऑफ ड्रोन एप्लीकेशन इन एग्रीकल्चर (रिडक्शन इन यूज ऑफ केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के प्रधान प्रतिनिधि रंजीत सिंह ने की। प्रभारी डॉ. वाईके शर्मा ने किसानों को फसलों में ड्रोन की महत्ता के बारे में जानकारी दी । किस तरह से आज के युग में ड्रोन का कृषि में उपयोग कर सकते हैं। एवं उर्वरक व रसायनों का कम से कम खर्च करके दक्षता युक्त उपयोग कर सकते हैं।

केंद्र के उद्यान वैज्ञानिक डॉ बृजमोहन ने बताया कि आज की पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली जीने के लिए मानव को कम से कम प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ करनी है। उनका सदुपयोग करना अति आवश्यक है।

## बाहरी गैंगस्टर ने मथुरा में बनाई अकूत संपत्ति

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
दूसरे जनपदों के गैंगस्टर ने मथुरा जनपद में अकूत संपित्त अर्जित की है। इसका एक के बाद एक हो रहीं कार्यवाही से इसका खुलासा हो रहा है। एटा के अलीजंग से पूर्व सपा विधायक रामेश्वर यादव की मथुरा के छटीकरा में स्थित 15 करोड़ की संपत्ति को प्रशासन के द्वारा कुर्क किया गया है। अलीगंज के पूर्व सपा विधायक रामेश्वर यादव के खिलाफ प्रशासन के द्वारा कार्यवाही का सिलसिला जारी है। मथुरा के छटीकरा में पूर्व विधायक के बेटे सुबोध यादव के नाम से संपत्ति को कुर्क किया गया है। 2022 में पूर्व विधायक रामेश्वर यादव और उनके भाई पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष योगेंद्र यादव के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही हुई थी। प्रशासन के द्वारा रामेश्वर यादव और जोगेंद्र यादव के स्वजनों की संपत्ति को खंगाल कर कुर्क करने में जुटा हुआ है। इस समय दोनों भाई जेल में बंद है। प्रशासन दोनों भाइयों के परिवारों के सदस्यों की संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही में जुटा हुआ है। वही इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीएम सदर तहसील अजय जैन ने बताया कि एटा के जिलाधिकारी महोदय के निदेर्शानुसार गैंगस्टर पूर्व विधायक रामेश्वर यादव की संपत्ति को कुर्क करने के आदेश थी जिसके बाद मथुरा के छटीकरा मार्ग स्थित रामेश्वर यादव की 15 करोड़ रुपए की संपत्ति को तहसीलदार और स्थानीय पुलिस के द्वारा कुर्क कर दिया गया है।
वहीं उन्होंने बताया कि यह संपत्ति पूर्व विधायक के बेटे के नाम से रजिस्टर्ड थी। जिसको त्वरित कार्रवाई करते हुए कुर्क कर दिया गया है। यह संपत्ति कृषि कार्य हेतु उपलब्ध है। सपा नेता की मथुरा में अर्जित की गई संपत्ति को कुर्क किया गया है।
तहसीलदार सदर राजकुमार भास्कर ने अवगत कराया है कि अभियुक्त जुगेंद्र सिंह यादव व रामेश्वर सिंह यादव पुत्रगण लालाराम यादव निवासी अमृतपुर रघुपुरा थाना जसरथपुर अलीगंज जिला एटा पर पंजीकृत 23 गैंगस्टर एक्ट के मुकदमा में न्यायालय जिला अधिकारी एटा द्वारा 18 अक्टूबर 2022 के अनुपालन में तहसील सदर के ग्राम छटीकरा व सुनरख बांगर में स्थित संपत्ति कुर्क की गई है। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग साढे छह करोड़ है।

## इन्वेस्टर्स समिट के निवेश प्रस्तावों की डीएम ने की समीक्षा

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये कि सभी विभाग इन्वेस्टर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान करें और जिस विभाग से जरूरत हो वहां से एनओसी की कार्यवाही की जाये। प्रगति की समीक्षा में उद्यान विभाग, पशुपालन, आबकारी, आपूर्ति, वन, नेडा, स्वास्थ्य, विद्युत, हैण्डलूम, पर्यटन आदि विभागों द्वारा किये गये एमओयू की जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिये कि संबंधित इन्वेस्टर्स के साथ बैठक करते हुए उनकी समस्याओं का निदान करायें। इसी क्रम में उद्योग बंधु तथा व्यापार बंधु की समीक्षा बैठक की।

## विद्यार्थियों व राहगीरों के लिए ग्राम पंचायत निवारसी ने लगवाया वाटर कूलर



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा खंड के गांव निवारसी के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के मुख्य गेट पर लगाए गए वाटर कूलर प्याऊ का उद्घाटन गांव निवारसी के सरपंच प्रदीप कुमार ने नारियल फोड़ कर किया गया। इस दौरान उनके साथ निवारसी कॉलोनी की प्रबंध समिति की अध्यक्षा सोनिया, पंच पिंकी, समिति के सदस्य, शिक्षक प्रदीप कुमार रोहिल्ला, संजीव कुमार गोयल भी मौजूद रहे। सरपंच प्रदीप कुमार ने कहा कि भीषण गर्मी में विद्यालयों के विद्यार्थियों व राहगीरों को स्वच्छ व शीतल जल की जरूरत पूरी करने के लिए ग्राम पंचायत निवारसी द्वारा यह वाटर कूलर प्याऊ की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इससे विद्यार्थियों व राहगीरों को गर्मी के मौसम में साफ और ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा। विद्यालय की प्रबंध समिति व सभी स्टाफ ने ग्राम पंचायत को इस वाटर कूलर प्याऊ को उपलब्ध करवाने के लिए आभार भी प्रकट किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा रानी, मिड डे मिल सहायक सुदेश रानी, शेर सिंह, समाजसेवी राजपाल फौजी सहित स्कूल का अन्य स्टाफ मौजूद था।

# निर्जला एकादशी पर सैकड़ों स्थानों पर लगाई मीठे पानी की छबील

**आर्य सीनियर सैकेंडरी के शिक्षकों ने स्कूल के बाहर लगाई गई छबील पर पिलाया पानी**



**▶▶ सैकड़ों स्थानों पर छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाया गया और कई स्थानों पर तो भंडारा लगाकर प्रसाद वितरीत किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**निर्जला** एकादशी के मौके पर बुधवार को पानीपत शहर में सैकड़ों स्थानों पर विभिन्न संगठनों, समाजसेवियों व आम नागरिकों ने मीठे पानी की छबील लगाई गई। जिसमें स्थानीय लोगों को मीठा पानी पिलाया गया। वहीं शहर में जीटी रोड स्थित आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल के शिक्षकों ने भी विद्यालय के बाहर ही छबील लगाई और सभी शिक्षकों ने सुबह से लेकर दोपहर तक लोगों को पानी पिलाया गया। छबील का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य मनीष घनघस ने स्वयं शिक्षकों के साथ पानी पिलाकर किया।

स्कूल के प्रबंधक आर्य रामपाल जागलान ने कहा कि निर्जला एकादशी पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा छबील लगाना सराहनीय है। छबील पर सेवा करने वाले शिक्षकों में कुशाल, इंद्रजीत, अनिल कुमार, दिनेश, राजीव, मनोज व सुनील आदि शामिल है। वहीं जाटल रोड पर रेणु गैस एजेंसी के संचालक तेजबीर जागलान व सोनू जागलान ने भी एजेंसी के बाहर छबील लगाई गई और लोगों को प्रसाद वितरीत किया गया। पानीपत शहर में विभिन्न क्षेत्रों पर सैकड़ों स्थानों पर छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाया गया और कई स्थानों पर तो भंडारा लगाकर प्रसाद वितरीत किया गया।

## मनरेगा श्रमिकों का किया जाएगा रजिस्ट्रेशन

**मथुरा।** जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला श्रम बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल ने जिला श्रम बन्धु के गठन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा जनपद मथुरा में श्रमिकों की समस्याओं के निस्तारण की जानकारी दी। सहायक श्रमायुक्त ने मथुरा में उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कार्य में नियोजित श्रमिकों के पंजीकरण तथा योजनाओं से लाभान्वित करने के सम्बन्ध में जानकारी दी। सरकारी कार्यों में कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से नियोजित समस्त श्रमिकों के पंजीयन कराये जाने की बात कही। सहायक श्रम आयुक्त ने उन मनरेगा श्रमिकों को जिन्होंने पिछले एक वर्ष में 90 दिन से अधिक कार्य किया है का पंजीयन कराये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा सचिव एवं रोजगार सेवकों के माध्यम से पंजीयन सुनिश्चित कराये जाने का आह्वान किया।
तद्पश्चात बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से कराये जा रहे समस्त कार्यों में कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन सम्बन्धी अनुश्रवण शासन द्वारा घोषित सभी पंजीयन कर्ता अधिकारी करेंगे तथा सूचना सहित अगली बैठक में प्रस्तुत करेगें। जिलाधिकारी द्वारा मनरेगा श्रमिकों के सम्बन्ध में पात्र सभी श्रमिकों का पंजीयन सचिव एवं रोजगार सेवक के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी सुनिश्चित करेगें। इसके अतिरिक्त फैक्ट्री एरिया में कराये जा रहे कार्यो में नियोजित श्रमिकों के पंजीयन का उत्तरदायित्व उपायुक्त उद्योग एवं सहायक श्रमायुक्त का है। जिलाधिकारी द्वारा पंजीकृत श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को लाभान्वित कराये जाने हेतु प्रचार प्रसार कराने के भी निर्देश दिये।

## पानीपत जिला के तीन गांवों में लगाये जागरूकता शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** के बागवानी विभाग कार्यालय द्वारा हरियाणा बागवानी विभाग द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों को किसानों तक पहुंचाने के लिये जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बागवानी विभाग द्वारा बुधवार को खंड समालखा के गांव शहर मालपुर, इसराना खंड के गांव भाऊपुर और मतलौडा खंड के गांव उंटला में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में करीब 55 किसानों ने भाग लिया और विभाग द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी हासिल की। इन किसानों को अमरूद, नीम्बू, पपीता व अन्य फलदार वृक्ष लगाने और उन पर विभाग द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि की किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई। जबकि जिला उद्यान अधिकारी शार्दूल शंकर ने किसानों को सरकार की अन्य स्कीमों जैसे भावान्तर भरपाई योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा और बागवानी बीमा आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

## वार्ड नंबर 12-14 में चलाया विशेष सफाई अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** नगरपालिका नारायणगढ़ के वार्ड नम्बर 12 और 14 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड 14 की पार्षद सरोज शर्मा ने बताया कि नगरपालिका सफाई कमीर्यों के सहयोग से उन बंद नालों को खुलवाया गया है जो काफी समय से बंद थे। जिस कारण बारिश के दिनों में कुछ क्षेत्रों में पानी का जमाव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई के लिए जहां सफाई कमीर्यों की मदद ली गई वहीं पर जेसीबी का भी प्रयोग किया गया। उन्होंने कहा कि बरोली चौंक व पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में वर्षो पूर्व बना नाला बंद पड़ा था। जिसे आज खुलवाया गया है। इस नाले के बंद होने से बारिश का पानी सडक पर जमा हो जाता था और आने-जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ती थी। बता दें कि इस नाले के खुलने से लोगों ने भी राहत की सांस ली है और वार्ड 14 की पार्षद सरोज शर्मा, वार्ड 12 की पार्षद परविन्द्र कौर, नरेन्द्र पराशर तथा कुलवंत सिंह की सराहना की है। जिन्होने लोगों की इस समस्या को देखते हुए जेसीबी की मदद से नाला खुलवाया। पार्षद सरोज शर्मा ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे नालों एवं नालियों में घरों का कुडा-कचरा न डाले और नगरपालिका द्वारा डोर टू डोर कचरा एकत्रित करने के लिए लगाई गई गाड़ी एवं रेहड़ी में ही कचरा डाले। जिससे कि साफ-सफाई कायम रह पाये। उन्होने कहा कि नाले/नालियों में कूडा कचरा डालने से पानी की निकासी अवरूद्ध हो जाती है जिससे पानी के जमाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# बच्चों ने म्यूजिक के साथ मनोरंजक कार्यक्रमों में भाग लिया



**▶▶ बच्चों ने गर्मियों के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए मौसमी फलों की महता भी जानी। पूल पार्टी के दौरान स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान भी बच्चों के साथ घुल मिल गए**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**अभिभावकों** की आशानुकूल और उनकी कसौटी पर खरा उतरने की ओर प्रगतिशील मेपल बेयर कनाडियन स्कूल ओमेक्स सिटी सोनीपत में बुधवार को आयोजित पूल पार्टी का बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। स्कूल की हेडमिस्ट्रेस उमा भनोट तथा अन्य अध्यापिकाओं की निगरानी में बच्चों ने म्यूजिक के साथ पूलसाइड गेम्स, डांस एवं अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों में उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूल को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया और पार्टी के दौरान बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। पार्टी के दौरान आशा के विपरीत चिलचिलाती धूप की बजाए मौसम सुहावना बना रहा। इस अवसर पर उमा भानोट ने कहा कि बच्चों की खूबियों को निखारने और उन्हें खेल-खेल में कुछ नया सिखाने के उद्देश्य से ही यह पूल पार्टी की गई, जिसमें बच्चों ने ने गर्मियों के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए मौसमी फलों की महत्ता भी जानी। पूल पार्टी के दौरान स्कूल संचालक सुरेंद्र मदान भी बच्चों के साथ घुल मिल गए और उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के कौशल को बढ़ाने के लिए इस तरह की पार्टियां बेहद जरूरी है। पूल पार्टी के सफल आयोजन के लिए सुरेंद्र मदान ने हेडमिस्ट्रेस उमा भनोट व अन्य अध्यापिकाओं रिदम सैनी, ज्योति, वर्षा, अंजु, वृतिका, महिमा, दीपिका का हार्दिक आभार प्रकट किया।

# लिटल एंजल्स स्कूल में होगा 41वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**▶▶ प्रधानाचार्या ने बताया कि सभी रेफरी बी.ए.आई. द्वारा मान्यता प्राप्त होंगे और रेफरी का फैसला सर्वमान्य होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**
**6 जून** से 10 जून 2023 तक लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत में 41 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला बैडमिंटन एसोसियेशन द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें सिंगल्स की एंट्री फीस 500 रुपये और डबल्स की एंट्री फीस 1000 रुपये है। इस प्रतियोगिता की एंट्री फीस 4 जून 2023 शाम 4 बजे तक लिटल एंजल्स स्कूल के बैडमिंटन हॉल में ली जाएगी। इच्छुक खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने या किसी भी जानकारी के लिए बैडमिंटन कोच हरदीप कुमार सिंह से 89302 23623 पर संपर्क कर सकते हैं। सोनीपत बैडमिंटन सैक्रेटरी जगबीर सिंह छिक्कारा और प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बताया कि सभी रेफरी बी.ए.आई. द्वारा मान्यता प्राप्त होंगे और रेफरी का फैसला सर्वमान्य होगा।

